संत, मुनि और महंत समाज को दिशा देते हैं : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने लाडनूं में सुधर्मा सभा प्रवचन हॉल का लोकार्पण किया व आचार्यश्री महाश्रमण से आशीर्वाद लिया

डीडवाना-कुचामन, (निसं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जैन धर्म केवल एक धर्म नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक पूर्ण कला है। इस धर्म के पंच महाव्रत आज के भौतिकवादी युग में भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने सदियों पहले थे। उन्होंने कहा कि संत, मुनि, महंत समाज को दिशा देने का काम करते है तथा हमारी समृद्ध संस्कृति को दुनियाभर में पहुंचाते है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित रखते हुए उसे नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को लाडनूं के जैन विश्व भारती परिसर में आयोजित सुधर्मा सभा प्रवचन हॉल के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आचार्यश्री महाश्रमणजी से आशीर्वचन प्राप्त किए।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जैन दर्शन ने ''जियो और जीने दो'' का जो मूलमंत्र दिया है, वह आज पर्यावरण संरक्षण का सबसे बड़ा आधार बन चुका है

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी का पधारना राजस्थान के लिए अत्यंत सम्मान और गौरव का विषय है। जैन विश्व भारती द्वारा आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में सुधर्मा सभा का लोकार्पण भी हो रहा है। यह आने वाले समय में मानवीय मूल्यों और धार्मिक शिक्षा का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म अहिंसा का संदेश देकर प्रकाश स्तंभ की तरह मानवता को दिशा दिखा रहा है। जैन दर्शन ने 'जियो और जीने दो' का जो मूलमंत्र दिया है, वह आज पर्यावरण संरक्षण का सबसे बड़ा आधार बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस धर्म की यह विशेषता रही है कि इसने हमेशा प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलने की शिक्षा दी है। आज जब पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन से चिंतित है, तब जैन धर्म के सिद्धांत हमें यह बताते हैं कि संयम और सादगी के बिना मानवता का भविष्य सुरक्षित नहीं हो सकता।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूज्य आचार्यश्री महाश्रमणजी मानवीय मूल्यों के जीवंत प्रतीक हैं। इनकी साधना, ज्ञान और त्याग लाखों लोगों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। इन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मानव कल्याण और धर्म प्रचार के लिए समर्पित कर दिया है। उन्होंने कहा कि आचार्यजी ने जैन धर्म की प्राचीन परंपराओं को आधुनिक समय के साथ जोड़कर एक नई दिशा दी है। उनका यह योगदान केवल जैन समाज के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता के लिए वरदान है। उनकी शिक्षाओं में जो सरलता और व्यावहारिकता है, वह हर वर्ग के लोगों तक पहुँचती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन विश्व भारती ने पिछले कई दशकों में धर्म, शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान दिया है। आचार्य तुलसी के बाद आचार्य महाप्रज्ञ ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया। उन्होंने कहा कि इस संस्थान ने जैन दर्शन का प्रचार-प्रसार के साथ ही आधुनिक शिक्षा को मानवीय मूल्यों के साथ जोड़कर एक नई दिशा दी है। यहाँ संचालित शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान के साथ जीवन जीने की कला भी सिखाई जाती है। विश्व भारती ने अहिंसा और शांति के संदेश को घर-घर तक पहुँचाने का काम किया है। यह संस्थान विदेशों में भी भारतीय संस्कृति और जैन दर्शन का प्रतिनिधित्व कर रहा है। उन्होंने कहा कि सुधर्मा सभा मानवीय मूल्यों का एक मंदिर है। यहाँ से सत्य, अहिंसा और करुणा का संदेश दूर-दूर तक फैलेगा। इस दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आचार्यश्री महाश्रमणजी से आशीर्वचन प्राप्त किए। शर्मा ने जैन विश्व भारती में नवनिर्मित सुधर्मा सभा प्रवचन हॉल का लोकार्पण किया। इस अवसर पर साध्वी प्रमुखा विश्रुत विभा, मुनि महावीर कुमार, साध्वी वर्या सम्बुद्ध यशा, जैन विश्व भारती के अध्यक्ष अमरचंद लुंकड़ सहित जैन मुनि साध्वी, जैन विश्व भारती के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

पावटा में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

पावटा, (निसं)। क्षेत्र में एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला अपने ससुराल स्थित घर में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। घटना की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं पीहर पक्ष ने महिला की मौत को संदिग्ध बताते हुए ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम ने जानकारी देते हुए बताया कि मृतका रेखा का विवाह कृपा शंकर निवासी भांकरी के साथ वर्ष 2004 में हुआ था। उनके परिवार में दो पुत्रियां तनुजा (18) व ज्योति (12) तथा एक पुत्र ब्रजेश (15) है। मृतका महिला के भाई घनश्याम पुत्र फूलचंद निवासी मोरोड़ी ने मामला दर्ज कराते हुए ससुराल पक्ष पर दहेज की मांग, मारपीट और प्रताड़ना के आरोप लगाए हैं। परिजनों ने आशंका जताई है कि घटना को आत्महत्या का रूप दिया गया है। महिला को ससुराल पक्ष द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जा रहा था। परिजनों का कहना है कि उनकी बेटी की मौत आत्महत्या नहीं बल्कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है और इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। पीहर पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रागपुरा थाना प्रभारी भजनाराम का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच में जुटी हुई है। पुलिस ने शव को अस्पताल पहुंचाया, जहां पोस्टमार्टम के बाद दोनों पक्षों की सहमति के बाद शव ससुराल पक्ष को सौंप दिया।

सड़क हादसे में तीन की मौत

उदयपुर, (कासं)। जिले के कुराबड़ थाना क्षेत्र में आमने-सामने दो बाइक की भिड़ंत में घायल दो युवकों सहित तीन जनों की मौत हो गई।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार रात में कुराबड़ थाना क्षेत्र लाली वली से अडिंदा रोड़ पर दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक चालक हुक्मीचंद (22) पुत्र शंकरलाल निवासी लाली वली, साथी हेमराज (17)पुत्र चेनराम निवासी लालीवली कुराबड़ तथा चेतन (20) पुत्र मोहनलाल मीणा निवासी वासा थाना गींगला सलूम्बर की मौत हो गई। हुक्मीचंद के साथ हेमराज बाइक पर लालीवली से अडिंदा की तरफ जला रहे थे। जहां बीच रास्ते में सामने से आ रही चेतन की बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में गंभीर घायल तीनों को एमबी चिकित्सालय में भर्ती करवाया। जहां उनकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर एएसआई भगवतसिंह ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक शिक्षा, जालोर

क्रमांकः- जिशिअ / मु./माध्य./जा/लेखा/2026/66 दिनांक-04.02.2026

ई- निविदा सूचना संख्या-4/बोर्ड परीक्षा 2026

इस कार्यालय से बोर्ड परीक्षा-2026 के परीक्षा केन्द्रो की वीडियोग्राफी प्रतिष्ठित फर्मों/अनुभवी वीडियोग्राफर से कराने हेतु ई- निविदा जारी की जाती है जिसकी अनुमानित लागत 25 लाख रूपये है। ई-निविदा दिनांक 09-02-2026 को दोपहर बाद 12:30 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 09-02-2026 को दोपहर बाद 01:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा संबंधी विस्तृत विवरण htpp://sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। इन निविदाओं में भाग लेने वाले संवेदको को निविदा इलेक्ट्रोनिक फॉरमेट में वेबसाईट htpp://eproc.rajasthan.gov.in पर जमा करवानी होगी।

UBN NO. EDU2526SLOB00133

जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक, जालोर

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग खण्ड, बाड़ी

पता :- बाईपास किला बाडी-328021 फोन नं. 05647-274684 ई मेल-ee pwdbari@rediffmail.com

क्रमांकः 1050-53 UBN No. PHD2526RFP0005 दिनांकः 27.01.2026

निविदा सूचना संख्या : 10/2025-2026

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से बाडी जिला धौलपुर में कुल 2 नं. पर सडक कार्य के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों, राज्य सरकार के अन्य विभागों में पंजीकृत ''एए ''ए''बी''सी'' एवं डी'' श्रेणी संवेदकों एवं केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवं दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजसथान सरकार के ''एए'',''ए''बी''सी'' एवं डी'' श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से संबंधित विवरण बेवसाईट ''www.eproc.dipronline.org'' व http://www.pwd.rajasthan.gov.in/, www.eproc.rajasthan.gov.in एवं "www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

(पूरन सिंह) अधिशाषी अभियन्ता सानिवि खण्ड बाडी

DIPR/C/2451/2026

TEL NO:-07469-230595 EMAIL:- xenphedhnd@yahoo.in

कार्यालय अधिशाषी अभियंता जन स्वा0 अभि0 विभाग खण्ड हिण्डौन

Notice Inviting Bid

Bids for Various work in PHED Dn. Hindaun is invited from interested bidders. Other particulars of the bids may be visited on the procurement portal sppp.raj.nic.in of the state and http://eproc.rajasthan.gov.in departmental website. NIB No. PHE2526A5746

S.No.	NIT No.	UBN No.
1.	40/2025-26	PHE2526SLOB12051
2.	41/2025-26	PHE2526WSOB12054
3.	42/2025-26	PHE2526WSOB12055
4.	43/2025-26	PHE2526WSOB12056
5.	44/2025-26	PHE2526WSOB12057
6.	45/2025-26	PHE2526WSOB12058
S.No.	Total Work	
1.	Total Estimated Cost	15.86 Lacs
2.	Tender Submission Start Date	04.02.2026 Upto 12:00 PM
3.	Tender Submission End Date	12.02.2026 Upto 6:00 PM
4.	Technical Bid Opening Date	13.02.2026 Upto 12:00 PM

(जय नारायण चेतीवाल) अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा. अभियांत्रिक विभाग, खण्ड हिण्डौन सिटी

DIPR/C/1981/2026

7.83 लाख का डोडा-चूरा जब्त, तीन गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बपावर कला पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई करते हुए एक कार से तलाशी के दौरान अवैध मादक पदार्थ 52.200 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद किया। अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 7 लाख 83 हजार रूपये करीब बताई गई है। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि ग्रामीण अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकल्याण मीणा के निर्देशन में पुलिस उप अधीक्षक सांगोद नरेन्द्र जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी मदनलाल ढाका के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने बारां-झालावाड़ राष्टीय राजमार्ग खानपुर तिराहा पर नाकाबंदी कर वाहनों की चैकिंग की। वाहन चैकिग के दौरान एक कार की तलाशी लेने पर कार में से अवैध मादक पदार्थ 52.200 किलोग्राम डोडा-चूरा बरामद हुआ। पुलिस ने कार्रवाई कर माल एवं कार को जब्त किया।

अलवर में भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर भाई की हत्या की

- पिता को बचाने पहुंचे बेटे पर भी आरोपियों ने हमला कर दिया, तीन महिलाओं को भी चोटें आई हैं
- हत्या के बाद आरोपी और उसका परिवार फरार हो गया, सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची

अलवर, (निसं)। अलवर में पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर भाई की हत्या कर दी।

बेटा अपने पिता को बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उस पर भी हमला कर दिया। हमले में परिवार की तीन महिलाओं को भी चोटें आई हैं। हत्या के बाद आरोपी और उसका परिवार फरार हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सबूत जुटाए और लोगों से भी घटना की जानकारी ली। हत्या के बाद गांव में तनाव का माहौल है। मामला बगड़ तिराया थाना इलाके का है।

अकरम हुसैन निवासी बेरे गांव ने बताया कि एक दिन पहले मेरे पिता के चचेरे भाई फकरु और उसके बेटों ने हमारे नीम के पेड़ की डालियां काट दी थी, जिसे लेकर कहासुनी हुई थी। सुबह नौ बजे फकरू अपने बेटों और परिवार के साथ में दोबारा पेड़ काटने आया। मेरे पिता बली (65) ने विरोध किया तो फकरु ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया, जिसके कारण उनके सिर से खून बहने लगा।

हुसैन ने बताया कि विवाद होने पर मैं मौके पर पहुंचा तो उन लोगों ने मुझ पर भी हमला कर दिया। मेरे सिर में भी गंभीर चोट आई है, परिवार की तीन महिलाएं भी घायल हो गई। पिता को गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन ज्यादा खून बहने के कारण उनकी मौत हो गई।

मृतक के भाई इमामुद्दीन ने बताया कि घर और खेत के पास स्थित एक नीम का पेड़ बली के हिस्से में आता था, लेकिन फकरू जबरन पेड़ काटना चाहता था।

इसको लेकर पिछले कई दिनों से दोनों के बीच कहासुनी चल रही थी। फकरू ने शुक्रवार सुबह पेड़ काटना शुरू कर दिया। बली ने उसे रोकने की कोशिश की तो फकरू ने कुल्हाड़ी के सिर पर हमला कर दिया।

इमामुद्दीन ने बताया कि कुल्हाड़ी बली के सिर में फंस गई थी और खून बहने लगा था। हमले के बाद फकरू और उसका परिवार भाग गया। हमने बली के सिर से कुल्हाड़ी निकाली और गंभीर हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बगड़ तिराया थाना पुलिस ने बताया कि मामले में अस्पताल में मौजूद परिजनों से रिपोर्ट ली गई है।

घटना के बाद आरोपी और उसका परिवार फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस दबिश दे रही है।

Jodhpur Development Authority, Jodhpur

E-Auction Programme of Residential, Commercial & Farm House Plots in Jodhpur (FEB. -MAY. 2026)

क्रमांक :-एफ46 / नीलामी / 2026 / फरवरी / **20349231** दिनांक :- 05.02.2026

भूखण्डों की भव्य ई-नीलामी
दिनांक 25.02.2026 से 07.05.2026 तक

150 आवासीय, व्यावसायिक एंव फार्म हाउस भूखण्ड

राजीव गांधी नगर में कुल भूखण्ड (190.80 वर्ग मीटर से 352 वर्ग मीटर) — 15

ग्राम उजलिया, फार्म हाउस में कुल भूखण्ड (1500 वर्ग मीटर से 2580.22 वर्ग मीटर) — 10

खसरा संख्या-701 ग्राम चौखा में कुल भूखण्ड (72 वर्ग मीटर से 340.77 वर्ग मीटर) — 09

पंडित दीन दयाल उपाध्याय विहार में कुल भूखण्ड (41.82 वर्ग मीटर से 198.99 वर्ग मीटर) — 20

अरणा विहार ग्राम बड़ली में कुल भूखण्ड (324 वर्ग मीटर से 351 वर्ग मीटर) — 10

झरणा विहार ग्राम बड़ली में कुल भूखण्ड (150 वर्ग मीटर से 172.5 वर्ग मीटर) — 10

महात्मा गांधी नगर में कुल भूखण्ड (167.29 वर्ग मीटर से 306.56 वर्ग मीटर) — 05

मण्डलनाथ आवास में कुल भूखण्ड (72.49 वर्ग मीटर से 354.08 वर्ग मीटर) — 14

विज्ञान नगर में कुल भूखण्ड (92.00 वर्ग मीटर से 679.83 वर्ग मीटर) — 30

सुन्दर सिंह भण्डारी नगर में कुल भूखण्ड (41..81 वर्ग मीटर से 462.12 वर्ग मीटर) — 25

पंडित दीन दयाल उपाध्याय नगर बासनी तम्बोलिया में कुल भूखण्ड (250.83 वर्ग मीटर से 501.66 वर्ग मीटर) — 02

ईएमडी जमा दिनांक: 25 फरवरी 2026 से प्रारम्भ

ऑनलाईन बिड: प्रारम्भ तिथिः 25 फरवरी 2026 — अंतिम तिथिः 07 मई 2026

प्रभारी अधिकारी (नीलामी शाखा) जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर

अधिक जानकारी के लिए QR स्कैन करें।

निदेशक वित्त जोधपुर विकास प्राधिकरण जोधपुर
फोनः- 0291-2656355, 2656356

नीलामी के समस्त भूखण्डों की विस्तृत जानकारी एंव नीलामी की शर्ते जोधपुर विकास प्राधिकरण की वेबसाईट : joda.rajasthan.gov.in पर देखें या कार्यालय में सम्पर्क करें।
नीलामी की प्रक्रिया SSO ID के जरिये Urban Services के माध्यम से की जाएगी।

राज.संवाद / सी / 24 / 19366

आर्मी जवान ने व्यापारी से मांगी थी दो करोड़ की फिरौती

श्रीगंगानगर, (निसं)। छुट्टी पर घर आया आर्मी का जवान दो करोड़ की फिरौती मांगने का मास्टरमाइंड निकला। साथी के साथ मिलकर उसने राहगीरों से मोबाइल लूटे और फिर अलग-अलग नंबरों से व्यापारी को धमकी देकर दो करोड़ की फिरौती मांगी थी।

व्यापारी को धमकाने के बाद आरोपी उन मोबाइल को फेंक देते थे, ताकि ट्रेस न हो सके और पुलिस की पकड़ में नहीं आए। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी मदद से जानकारी जुटाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। मामला रामसिंहपुर और श्रीविजयनगर थाना इलाके का है।

एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि 28 जनवरी को श्रीविजयनगर थाना क्षेत्र के एक व्यापारी को फोन पर धमकी भरा कॉल आया। फोन करने वाले ने व्यापारी से दो करोड़ रुपए फिरौती मांगी थी और नहीं देने पर बेटे को जान से मारने की धमकी दी।

एसपी ने बताया कि व्यापारी की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने फोन लूटकर व्यापारी से 2 करोड़ मांगने वाले आर्मी के जवान गुरलाल सिंह उर्फ लाली (33) निवासी तरनतारन (पंजाब) और दिलप्रीत सिंह (18) निवासी 47 जीबी, रामसिंहपुर (श्रीगंगानगर) को गिरफ्तार किया है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में खुलासा हुआ कि वारदात का मास्टरमाइंड आरोपी गुरलाल सिंह एक फौजी है, जो जम्मू-कश्मीर में तैनात है। वह चार-पांच दिन पहले छुट्टी लेकर दिलप्रीत सिंह के पास आया और दो करोड़ की फिरौती की पूरी प्लानिंग रची।

अमृता दुहन ने बताया कि जांच में सामने आया कि आरोपियों ने 28 जनवरी को रावला-खाजूवाला रोड पर ओमप्रकाश का मोबाइल लूटा और उसी से व्यापारी को धमकी दी। इसके बाद 30 जनवरी को सूरतगढ़-अनूपगढ़ रोड पर ढाबे से फोन लूटकर धमकी दी गई। 31 जनवरी को रामसिंहपुर थाना क्षेत्र में करनैल सिंह का फोन लूटा। 1 फरवरी को चन्दूराम का फोन लूटकर फिर से व्यापारी को धमकी दी।

फौजी ने लूटे फोन से ही कॉल करके फिरौती की मांग की। पुलिस ने मोबाइल लूट की घटनाओं को गंभीरता से लिया और सर्विलांस, सीसीटीवी फुटेज के साथ ही मुखबिरों की सूचनाओं के आधार पर जांच शुरू की और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

जांच में सामने आया कि आरोपी दिलप्रीत व्यापारी के यहां काम कर रहा था। गुरलाल की दिलप्रीत से जान-पहचान थी। गुरलाल को पैसों की जरूरत थी तो उसने दिलप्रीत के साथ मिलकर व्यापारी से फिरौती मांगने की प्लानिंग की।

कार्यालय जिला खेल अधिकारी, करौली

क्रमांकः पंच गौरव/खेल/निविदा/2025-26/211 दिनांक-30.01.2026

निविदा सूचना संख्याः 01/2025-26

पंच गौरव खेल के अन्तर्गत मुंशी त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम एवं राजीव गांधी खेल संकुल, करौली में हाई मास्ट लाईट कार्य हेतु केन्द्र / राज्य सरकार में विद्युत कार्य के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदकों द्वारा विद्युत कार्योहेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्धारित प्रपत्र में प्राप्त की जावेगी। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.dipr.rajasthan.gov.in http://www.sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत	राशि 60.00 रू लाख
कुल धरोहर राशि	अनुमानित लागत की दो प्रतिशत अथवा नियमानुसार
निविदा आवेदन / डाउनलोड करने की तारीख व समय	31/01/2026से 10/02/2026 दोपहर 1.00 बजे तक
ऑनलाईन निविदा जमा कराने की तारीख व समय	31/01/2026 से 10/02/2026 दोपहर 1.00 बजे तक
तकनिकी बिड खोलने की तारीख व समय	10/02.2026 अपरांह 03.00 बजे से

NIB NO. CKL2526A0020
UBN NO. CKL2526WSOB00030

जिला खेल अधिकारी करौली

DIPR/C/2403/2026

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि. विभाग खण्ड सॉचौर

एन.एच. 68, PHED Campus, सॉचौर (जालोर)

Te. Pho. No 02979-283624 E-mail. eephedscr@gmail.com

क्रमांकः अ.अ./ जन स्वा./ सॉ/ निविदा/2025-26/1598 दिनांकः- 27/01/2026

निविदा सूचना संख्या - 14/2025-26

राजस्थान के राज्यपाल की ओर से खण्ड सॉचौर के अधीन विभिन्न कार्य कराने हेतु लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया में ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण निम्नानुसार हैः-

कार्यालय का नाम व स्थान	अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सांचौर
निविदा का कार्य	Annual Rate contract for Transportation of water.(Block Sanchore and Chitalawa); Rewinding of Mono Block pump and-leakage removal
निविदा की कुल लागत (राशि लाखो में)	कुल निविदा 25 रु. 286.00 लाख
निविदा प्रपत्र वेबसाईड पर उपलब्ध एवं ऑन लाईन सबमिट की दिनांक	27.01.2026 से 16.02.2026 को 13.00 बजे तक
निविदाएं खोलने की तिथी व समय	17.02.2026 को 15.00 बजे से
UBN No	PHE2526WSRC11939, PHE2526WSRC11940, PHE2526WSRC11941, PHE2526WSRC11942, PHE2526WSRC11943, PHE2526WSRC11944, PHE2526WSRC11945, PHE2526WSRC11946, PHE2526WSRC11947, PHE2526WSRC11948, PHE2526WSRC11949, PHE2526WSRC11950, PHE2526WSRC11951, PHE2526WSRC11952, PHE2526WSRC11955, PHE2526WSRC11957, PHE2526WSRC11958, PHE2526WSRC11960, PHE2526WSRC11963, PHE2526WSRC11965, PHE2526WSRC11971, PHE2526WSRC11976, PHE2526WSRC11979, PHE2526WSRC11983, PHE2526WSRC119784, PHE2526WSRC119786

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://sppp.rajasthan.gov.in एवं http://dipr.rajasthan.gov.in, http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा एवं भरा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल वेबसाईड पर ही अपलोड किये जायेगे।

(पृथ्वीसिंह) अधिशाषी अभियंता जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग, खण्ड सॉचौर

DIPR/C/1963/2026

राजस्थान सरकार

कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) (पंचायत) करौली

क्रमांक :- पं0अ0चु0/2026/318 दिनांकः- 02/02/2026

ई - बोली सूचना संख्या-11-22/2025-26

पंचायत आम चुनाव 2026 के लिए निम्नांकित समाग्री आपूर्ति / व्यवस्था कार्य के लिए इच्छूक फर्मों www.sppp.rajasthan.gov.in एवं www.eproc.rajsthan.gov.in प्रक्रिया द्वारा ऑनलाईन बोलियों निर्धारित प्रपत्र में आंमत्रित की जाती है।

क्र. सं.	बोली सूचना संख्या	सामग्री/व्यवस्था का नाम	अनुमानित राशि (लाखों)	Mode	UBN No.
1	11	स्टेशनरी/लेखन सामग्री की आपूर्ति	09.50	Offline	CKL2526 GSOB00017
2	12	मतदान / मतगणना सामग्री आपूर्ति	30.00	Offline	CKL2526 GSOB00018
3	13	माईक व्यस्वस्था	09.50	Offline	CKL2526 GSOB00019
4	14	कम्प्यूटर उपकरण/ स्टेशनरी की आपूर्ति	09.50	Offline	CKL2526 GSOB00020
5	15	फोटो स्टेट कार्य एवं पेन ड्राइव का कार्य	09.50	Offline	CKL2526 GSOB00021
6	16	मुद्रण कार्य	09.50	Offline	CKL2526 GSOB00022
7	17	मतपत्र मुद्रण	09.50	Offline	CKL2526 GSOB00023
8	18	अल्पाहार एवं भोजन व्यवस्था	50.00	Online	CKL2526 GSOB00024
9	19	विधुत/जनरेटर व्यवस्था	40.00	Online	CKL2526 GSOB00026
10	20	विडियोग्राफी/डिजीटल/फोटोग्राफी /सीसीटीवी कैमरा/एलईडी	150.00	Online	CKL2526 GSOB00027
11	21	वहनो के लिए किराये पर जीपीएस व्यवस्था	05.00	Offline	CKL2526 GSOB00028
12	22	टैन्ट/फर्नीचर कार्य व्यवस्था	50.00	Online	CKL2526 GSOB00029

नोट :- मूल डी.डी./बैंकर चैक दिनांक 09.02.2026 समय दोपहर 12 बजे तक कार्यालय में जमा करवानी होगी अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जावेग।

(हेमराज परिडवाल) उप जिला निर्वाचन अधिकारी, करौली

DIPR/C/2459/2026